आप क्या जानो ए श्याम सुन्दर

आप क्या जानो ए श्याम सुन्दर,
कैसे तुम बिन जिए जा रहें हैं ।
तेरे मिलने की उम्मीद लेकर,
गम के आंसूं पिए जा रहें हैं ॥

ये जुदाई सहेंगे श्याम कब तक,
बिन दर्शन रहेंगे श्याम कब तक ।
दुनिया से हो गए हैं बेगाने,
तेरा नाम लिए जा रहें हैं ॥
आप क्या जानों...

श्याम सुन्दर कहाँ खो गए हो,
इतने बेदर्द क्यों हो गए हो ।
आप की बेवफाई के सदके,
लोग ताने दिए जा रहे हैं ॥
आप क्या जानों...

याद आती है आती रहेगी,
याद तेरी सताती रहेगी ।
जितना जी चाहे तड़पालों हमको,
तेरी पूजा किये जा रहें हैं ॥
आप क्या जानों...

किन गुनाहों की है ये सजाएं,
श्याम सुन्दर हमे कुछ बताएं ।
टुकड़े टुकड़े किया है दिल मेरा,
प्यार तुमसे किये जा रहें हैं ॥
आप क्या जानों...

स्वर : विनोद अग्रवाल

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/991/title/aap-kya-jano-e-shyam-sunder-kaise-tum-bin-jiye-jaa-rahe-hain

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |